प्रश्नों की कुल संख्या-12 रोल नं. [ ]

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

# हिन्दी विशिष्ट

## कक्षा-8, सेट-D

समय- 3 घंटे पूर्णांक - 90

निर्देश- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

---

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए-** (5)

(अ) आर्यभट की पुस्तक का नाम है-
(i) ज्योतिष शास्त्र (ii) गणित शास्त्र
(iii) आर्य भटीय (iv) आर्य इतिहास

(ब) जिस रथ से विजय होगी, उस रथ का सारथी है-
(i) बल विवेक (ii) सौरज धीरज
(iii) सत्य सील (iv) ईस भजनु

(स) 'जड़ी-बूटी' शब्द में समास है-
(i) तत्पुरुष समास (ii) कर्मधारय समास
(iii) द्वंद्व समास (iv) द्विगु समास

(द) आर्यों के प्राचीनतम ग्रंथ है -
(i) वेद (ii) पुराण
(iii) शास्त्र (iv) काव्य

(इ) गांधीजी के माता-पिता धनी थे-
(i) धन-दौलत के (ii) सोने-चाँदी के
(iii) रूप-रंग के (iv) अपनी बात के

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** (4)

(अ) महेश्वर...................... नदी के किनारे बसा है।

(ब) घुमड़-घुमड़ घिर ................ गगन में भरते गर्जन।



(स) चौपाई मात्रिक छंद है। इसमें चार .............. होते हैं।

(द) गुप्त वंश का राज्य काल भारतीय इतिहास में ............ के नाम से विख्यात है।

**प्रश्न 3. अति लघु उत्तरीय प्रश्न** (18)

(अ) गीता में कुल कितने श्लोक है?

(ब) रैदास के प्रभु यदि चंदन है, तो रैदास किसके प्रतीक हैं?

(स) उपमेय और उपमान में अन्तर स्पष्ट कीजिए?

(द) हास्य रस का एक उदाहरण लिखिए।

(इ) निम्नलिखित छंद में मात्राओं के चिह्न 'ऽ' '।' अंकित कर तथा मात्राएँ गिनकर छंद का नाम लिखिए।
रावनु रथी विरथ रघुबीरा। देखि विभीषण भयउ अधीरा।।
अधिक प्रीति मन भा संदेहा। बंदि चरन कह सहित सनेहा।।

(फ) बैठकर, खड़े होकर और पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले एक-एक आसन का नाम लिखिए।

**प्रश्न 4. लघु उत्तरीय प्रश्न** (15)

(अ) रेडक्रास के लोग क्या-क्या कार्य करते हैं?

(ब) (i) संगीत की महिमा अनंत है। वाक्य में उद्देश्य और विधेय लिखिए।
(ii) 'हृदय भर आना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए।

(स) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
जैसे रात के बाद दिन आता है, वैसे ही दुख के बाद सुख मिलता है। जीवन में स्थाई कुछ भी नहीं है। दुख-सुख अस्थायी है। अतः दुख में अधिक परेशान नहीं होना चाहिए तथा सुख में उन्माद नहीं करना चाहिए।
(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(ii) जीवन में स्थाई क्या है?

प्रश्न 5 बिरसा मुण्डा ने किस उद्देश्य से अपना आन्दोलन प्रारंभ किया था? (5)

**अथवा**

सौर वर्ष और चन्द्रवर्ष में क्या अन्तर है?

प्रश्न 6 महारानी अहिल्या बाई को 'लोकमाता' के रूप में क्यों याद किया जाता है? (5)

**अथवा**

'पृथ्वी अपनी धुरी पर चक्कर लगाती है' इस कथन को आर्यभट ने किस तरह से लोगों को समझाया?

प्रश्न 7 प्राणायाम से होने वाले लाभ लिखिए। (5)

**अथवा**

गांधीजी प्रार्थना करना क्यों आवश्यक मानते थे?

प्रश्न 8 आपके पिताजी का स्थानान्तर इंदौर शहर में हो गया है। आपको उनके साथ रहकर पढ़ना है। अतः इस बावत् स्थानान्तर प्रमाण-पत्र (T.C.) प्रदान करने हेतु अपने प्रधानाध्यापक को एक प्रार्थना पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

अपने अध्ययन की जानकारी देते हुए, अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (7)

आत्मविश्वास की सबसे बड़ी दुश्मन है दुविधा। दुविधा एकाग्रता को नष्ट कर देती है। आदमी की शक्ति को बांट देती है। आधा इधर आधा उधर। बस इस तरह आदमी खंडित हो जाता है।

**अथवा**

लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर, उसमें एक निष्ठ होकर काम करने वाले बहुत थोड़े हैं। पर ये थोड़े से मनुष्य ही है, जो संसार को हिला देते हैं, जो अपनी एकाग्रता से जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं।

प्रश्न 10 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए- (7)

जाऊँ कहाँ तजि चरन तिहारे?
काको नाम पतित पावन जग केहि अति दीन पियारे?
कौन देव बराय विरद-हित, हठि हठि अधम उधारे?
खग, मृग, व्याध, पषान, विटप, जड़ जवन कवन सुर तारे?
देव, दनुज, मुनि, नाग, मनुज सब, माया-विबस विचारे?

**अथवा**

रणभेरी सुन-सुन विदा-विदा
जब सैनिक पुलक रहे होंगे,
हाथों में कुमकुम थाल लिए
जलकण कुछ ढुलक रहे होंगे।
कर्त्तव्य प्रेम की उलझन में,
पथ भूल न जाना पथिक कहीं।।

प्रश्न 11 'याचक और दाता' अथवा 'अपना स्वरूप' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए- (7)

प्रश्न 12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए (लगभग 150 शब्द) (7)

(i) स्वच्छ भारत
(ii) खेलों का महत्व
(iii) मेरी शाला ऐसी हो
(iv) मेरा गाँव